University in News on 03 March 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल

एशियाई विवि रैंकिंग और विशिष्ट सूची में प्राप्त किया स्थान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग की एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 और विशिष्ट सूची में स्थान प्राप्त किया है। लविवि प्रशासन का दावा है कि सूची में स्थान प्राप्त करने वाला लविवि प्रदेश का एक मात्र राज्य विश्वविद्यालय बन गया है। लविवि देश के चुनिंदा उन 12 विश्वविद्यालयों में शामिल है, जिन्हें इस रैंकिंग में पहली बार स्थान दिया गया है।

क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग करने वाली एजेंसी है। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि लविवि के लिए यह एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इसमें करीब 131 भारतीय विश्वविद्यालय जिसमें आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय और सार्वजनिक व निजी विश्वविद्यालय शामिल हैं। एजेंसी विश्वविद्यालयों के तुलनात्मक डेटा पर आधारित उच्च शिक्षा संस्थानों का सुव्यवस्थित मूल्यांकन करती है। कुलपति ने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों सहित सभी के प्रयासों की सराहना की। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयू देगा जूट के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान ने जूट उत्पादन इकाई के साथ मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक राय और जूट कारीगर गिल्ड एसोसिएशन की अंजली सिंह के बीच समझौते ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर के क्रम में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। कौशल एवं उत्पादन केंद्र ने लविवि के नए परिसर के डॉ. शंकर दयाल शर्मा भवन स्थित पर्यटन अध्ययन संस्थान में चांस फॉर चेंज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की है। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीएड तीसरे सेमेस्टर के एग्जाम आज से

LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी की बीएड थर्ड सेमेस्टर दिसम्बर 2021 की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं. बीएड परीक्षा के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी समेत 30 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं. बीएड थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मार्च, नौ मार्च और 11 मार्च को सुबह नौ बजे से 12 बजे की पाली में होंगी. परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने सभी केन्द्रों को परीक्षाएं शुचितापूर्ण कराने के साथ ही कोविड गाइडलाइन के पालन के निर्देश जारी किए हैं. एग्जाम के दौरान कोविड प्रोटाकॉल का पालन हर हाल में किया जाएगा.

i-NEXT PAGE II & 4

एलयू अब क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (2 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग की एशियाई यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 की प्रतिष्ठित और विशिष्ट सूची मे स्थान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश की एक मात्र राज्य यूनिवर्सिटी बन गई है. क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र और दुनिया की सबसे लोकप्रिय यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों को रैंक करने वाली दुनिया की अग्रणी एजेंसी है. यूनिवर्सिटी के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा पर आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी उच्च शिक्षा संस्थानों का सुव्यवस्थित मूल्यांकन करती है.

HINDUSTAN PAGE 6

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में लखनऊ विवि

उपलब्धि

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग की एशियाई विवि रैंकिंग 2022 की विशिष्ट सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ लखनऊ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का एकमात्र विवि बन गया है जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। लविवि को क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स एजेंसी ने इस सूची में स्थान दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय उन चुनिंदा 12 भारतीय विश्वविद्यालयों में शामिल है जिन्हें इस रैंकिंग मे पहली बार स्थान दिया गया है।

वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र और दुनिया के सबसे लोकप्रिय विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को रैंकिंग करने वालों में क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स दुनिया की सबसे अग्रणी एजेंसी है। विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा पर आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन करती है। विवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यह विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि इसमें 131 भारतीय विश्वविद्यालय (जिसमें आईआईटी और सार्वजनिक/निजी/केंद्रीय विश्वविद्यालय) भी शामिल है। जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 की रैंकिंग सूची में स्थान पा सके हैं। कुलपति ने विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और आने वाले समय में इसे और उच्च स्तर पर ले जाने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएड तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर 2021 की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। बीएड परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय समेत 30 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जहां कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ परीक्षाएं संचालित की जाएंगी। बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मार्च, नौ मार्च और 11 मार्च को सुबह नौ बजे से 12 बजे की पाली में होंगी।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने सभी केन्द्रों को परीक्षाएं शुचितापूर्ण कराने के साथ ही कोविड गाइडलाइन के पालन के निर्देश जारी किए हैं। बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा तीन दिन में पूरी की जा रही है।

JAGRAN CITY PAGE I

पांच महीने में प्लेसमेंट का आंकड़ा 300 के पार

जासं, लखनऊ : कोरोना काल में भी लखनऊ विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट की रफ्तार जारी रही। बीते पांच महीने में बीटेक, बीसीए, एमसीए, बीकाम सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के 298 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हो चुका है। बुधवार को आठ और विद्यार्थियों को मिलाकर यह संख्या 306 पहुंच गई।

लवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि 2021-22 सत्र में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव अक्टूबर-21 से शुरू हुई थी। फरवरी तक 298 विद्यार्थियों को विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी मिल चुकी है। इनमें तीन लाख से लेकर 14 लाख रुपये सालाना का पैकेज शामिल है। अब विश्वविद्यालय के आठ और विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें बीटेक के उत्कर्ष सिंह, अरविंद कुमार और बीबीए के अर्पित सक्सेना, श्रुति श्रीवास्तव, सोनाली सिंह, इशिता सिंह बिसेन, अंकुर तिवारी और विभुम श्रीवास्तव का प्लेसमेंट बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर हुआ है। कंपनी ने चयनित विद्यार्थियों को चार लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन आइएमएस के डा. मुकेश श्रीवास्तव एवं इंजीनियरिंग संकाय के पवन राजावत के माध्यम से हाल ही में किया गया था, जिसके नतीजे अब जारी हुए हैं।

सराहनीय

- कोरोना के दौरान भी जारी रहा कैंपस प्लेसमेंट का सिलसिला
- बुधवार को आठ और विद्यार्थियों को मिली नौकरी

दो विद्यार्थियों को मिली यूजीसी की फेलोशिप

लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग से पीएचडी करने वाले दो शोधार्थियों को यूजीसी की ओर से फेलोशिप मिली है। डीन एकेडमिक प्रो. राकेश चंद्रा ने बताया कि छात्रा इरम खान को मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप और छात्र विवेक रावत को नेशनल स्कालरशिप फार एसटी के लिए चुना गया है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय को भी स्थान

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एजेंसी की ओर से हुई एशियाई रैंकिंग-2022 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी जगह बनाई है। वह 2022 की रैंकिंग में स्थान पाने वाला उत्तर प्रदेश का एक मात्र राज्य विश्वविद्यालय बन गया है। बुधवार को यह जानकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि इसमें लगभग 131 भारतीय विश्वविद्यालय (जिसमें आइआइटी, सार्वजनिक, निजी, केंद्रीय विश्वविद्यालय भी शामिल हैं जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 की सूची में स्थान पा सके हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच लवि को 601 से 650 के बीच रैंक मिली है। किसी विश्वविद्यालय का क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आना ही बड़ी बात है। इसके लिए एजेंसी ने विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा पर आधार पर मूल्यांकन किया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और आने वाले समय में इसे और उच्च स्तर पर ले जाने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में लविवि शामिल

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग की एशियाई विवि रैंकिंग 2022 की विशिष्ट सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही लविवि यह उपलब्धि हासिल करने करने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र विवि बन गया है। लविवि को क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स एजेंसी ने इस सूची में स्थान दिया है। कुल 631 रैंक में लविवि उन चुनिंदा 12 भारतीय विश्वविद्यालयों में शामिल है जिन्हें इस रैंकिंग मे पहली बार स्थान दिया गया है।

ज्ञात हो वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र और दुनिया के सबसे लोकप्रिय विश्वविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग करने वालों में क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स दुनिया की सबसे अग्रणी एजेंसी है, जो विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा के आधार पर उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन करती है।

विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि इसमें 131 भारतीय विश्वविद्यालय (जिसमें आईआईटी और सार्वजनिक/निजी/केंद्रीय विश्वविद्यालय) भी शामिल है, जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 की रैंकिंग सूची में स्थान पा सके हैं। कुलपति ने विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और आने वाले समय में इसे और उच्च स्तर पर ले जाने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

AMRIT VICHAR PAGE 6

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंक में लविवि शामिल

अमृत विचार, लखनऊ

क्यूएस वर्ल्ड (क्वाक्वेरेली साइमंड्स) यूनिवर्सिटी रैंक में लखनऊ विश्वविद्यालय शामिल हो गया है। एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 की प्रतिष्ठित और विशिष्ट सूची में स्थान प्राप्त करने वाला प्रदेश का पहला राज्य विश्वविद्यालय बन गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि यह रैंकिंग एजेंसी वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र और दुनिया के सबसे लोकप्रिय विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को रैंकिंग करने वाली एजेंसी है, जो विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा पर आधारित रैंक उच्च शिक्षा संस्थानों का सुव्यवस्थित मूल्यांकन करती है। इससे छात्रों और संस्थानों को प्रभावी दिशा-निर्देशन प्राप्त होता है।

विवि के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि इसमें लगभग 131 भारतीय विश्वविद्यालय ही शामिल हैं, जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 की रैंकिंग सूची में स्थान पा सके हैं। कुलपति ने इस रैंक में स्थान मिलने पर सभी के प्रयास की सराहना की। यह विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर लाने, डिजिटल विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की एनईपी 2020 समेत अन्य संबंधित कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन के द्वार खोलेगा। दरअसल लखनऊ विश्वविद्यालय उन चुनिंदा 12 भारतीय विश्वविद्यालयों में शामिल है जिन्हें इस रैंकिंग में पहली बार स्थान दिया जा रहा है।

बीबीएयू में शुरू हुई आनलाइन कक्षाएं

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आवासीय कोचिंग अकादमी में ऑनलाइन कक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रवेश परीक्षा परिणाम की मेरिट के आधार पर 100 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रचना गंगवार ने बताया कि आवासीय कोचिंग अकादमी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक कल्याणकारी कदम है, इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग एवं महिलाओं की शिक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाती है।

FIRST INDIA PAGE 4

LU ONLY STATE VARSITY IN QS WORLD RANKINGS

Lucknow: The University of Lucknow is the only State University of Uttar Pradesh to find a place in the 2022 QS World University Rankings among Asian universities. Quacquarelli Symonds is the world's leading agency to rank universities and educational institutions in global higher education sector and the world's most popular source of comparative data about university performance. VC Prof Alok Kumar Rai expressed strong commitment to enhance the quality of education.

TRUE TIMES PAGE 1 & 3

लखनऊ विश्वविद्यालय हुआ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय QS World University रैंकिंग की एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 की प्रतिष्ठित और विशिष्ट सूची में स्थान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय बन गया है। QS Quacquarelli Symonds वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र और दुनिया के सबसे लोकप्रिय विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को रैंक करने वाली दुनिया की अग्रणी एजेंसी है। विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा पर आधारित QS World University Rankings उच्च शिक्षा संस्थानों का सुव्यवस्थित मूल्यांकन करती है, जिससे छात्रों और संस्थानों को प्रभावी दिशा-निर्देशन प्राप्त होता है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि इसमें लगभग 131 भारतीय विश्वविद्यालय (जिसमें आईआईटी और सार्वजनिक / निजी / केंद्रीय विश्वविद्यालय भी शामिल हैं) ही शामिल हैं जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2022 की रैंकिंग सूची में स्थान पर सके हैं। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और आने वाले समय में इसे और उच्च स्तर पर ले जाने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय को शीर्ष रैंकिंग वाले वैश्विक उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थान देने और इसकी दृश्यता बढ़ाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों के प्रयास की सराहना की। यह विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर लाने, डिजिटल विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की एनईपी 2020 समेत अन्य संबंधित कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन के द्वार खोलेगा।

इससे पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय को Times Higher Educations Ranking 2021, UNI Rank 2021, Education World Rankings 2021, Webometrics Ranking 2021, India Today Rankings 2021 और NIRF 2021 सहित कई अन्य अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसियों द्वारा भी मान्यता दी गई है। QS World University Rankings में विश्वविद्यालय के शामिल होने से विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में वृद्धि तो हुई ही है, साथ ही यह विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श विश्वविद्यालय बनने के लिए प्रतिबद्ध करती है। गौरतलब है कि लखनऊ विश्वविद्यालय उन चुनिंदा 12 भारतीय विश्वविद्यालयों में शामिल है जिन्हें इस रैंकिंग में पहली बार स्थान दिया जा रहा है और इस रैंकिंग में इस वर्ष स्थान पाने वाला यह यूपी का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय भी है।

लखनऊ विश्वविद्यालय और जूट कारीगर गिल्ड एसोसिएशन के बीच समझौता हुआ

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान की ओर से कुलपति, प्रो आलोक कुमार राय और जूट कारीगर गिल्ड एसोसिएशन की ओर से अंजली सिंह द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के क्रम में जूट उत्पादन इकाई ने मिलकर छोटा एवं विकासोन्मुख प्रयास शुरू किया जिसमे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। 25 जनवरी 2022 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के एक भाग के रूप में कौशल एवं उत्पादन केंद्र ने लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर, डॉ शंकर दयाल शर्मा भवन स्थित पर्यटन अध्ययन संस्थान में 'चांस फॉर चेंज' के बैनर तले शुरू किया।

प्रो. राय ने कहा कि शिक्षाविदों के अलावा समाज के निर्माण में विश्वविद्यालय की एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। यह इकाई उन महिलाओं को हाथ बढ़ाने की शुरुआत है जो प्रशिक्षण के बाद अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की स्थिति में होंगी। इसका उद्देश्य प्लास्टिक के विकल्प खोजने के लिए जूट बैग का उपयोग करके समाज में पर्यावरण जागरूकता पैदा करना है।

अंजली, जो प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशिक्षका है, इस प्रशिक्षण की शुरुआत साधारण जूट बैग के साथ करेंगी और फिर इसे अन्य जूट आधारित उत्पादों जैसे फाइलों, पर्दे, पॉट हैंगर और जूट के आभूषणों तक विस्तारित करेंगी।

साथ ही साथ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान, प्रबंध अध्ययन एवं अन्य संबंधित विषयों के छात्रों के लिए इंटर्नशिप तथा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा तथा महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ करेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने कहा कि यह एक छोटा लेकिन महत्वाकांक्षी आउटरीच कार्यक्रम है। डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, समन्वयक, पर्यटन अध्ययन संस्थान, जूट एसोसिएशन के साथ इस प्रशिक्षण इकाई का समन्वय करेंगी।